झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,

कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010.
e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

विज्ञापन संख्या– 04/2018

झारखण्ड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा–2018

दिनांकः–18.12.2018

झारखण्ड राज्य अन्तर्गत उत्पाद सिपाही की रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति के लिए झारखण्ड राज्य के स्थानीय सुयोग्य उम्मीदवारों के चयन हेतु विहित प्रपत्र में ''झारखण्ड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा–2018'' के लिये ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

उम्मीदवारों द्वारा विवरणिका में अंकित पात्रता, अर्हता, शैक्षणिक योग्यता तथा निर्धारित आयु सीमा के अन्तर्गत ऑन लाईन आवेदन दिनांक 26.12.2018 के पूर्वाहन् 11:00 बजे से दिनांक 09.02.2019 की मध्य रात्रि तक आयोग के वेबसाईट– **www.jssc.nic.in** पर लॉगईन करके समर्पित किया जा सकता है। तदुपरान्त लिंक परीक्षा शुल्क भुगतान तथा फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए क्रमशः 13.02.2019 एवं 16.02.2019 तक उपलब्ध रहेगा। दिनांक 19.02.2018 की मध्य रात्रि से आवेदन पत्र की प्रविष्टि में सीमित संशोधन हेतु लिंक दिनांक 23.02.2019 की मध्य रात्रि तक आयोग द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा जिसके तहत अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में सीमित संशोधन कर सकते हैं। उक्त तिथि के बाद ऑन लाईन आवेदन पत्र में दी गई सूचना के आधार पर परीक्षा की प्रक्रिया पूरी होगी तथा अभ्यर्थी द्वारा ऑन लाईन आवेदन पत्र की प्रविष्टि में संशोधन के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

रिक्तियों की संख्या एवं अन्य सूचना तत्सम्बन्धी विवरणिका में अंकित है।

ह०/–
परीक्षा नियंत्रक।